'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

# UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

AEC 1st Semester Examination, 2024

## AEC - UHINAEM10001-HINDI

## हिंदी भाषा एवं साहित्य

Time Allotted: 1 Hour 30 Minutes

Full Marks: 30

*The figures in the margin indicate full marks.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए — $1\times5=5$

(क) 'यश' का विलोम शब्द लिखिए।

(ख) भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

(ग) हिंदी को राजभाषा का दर्जा कब प्राप्त हुआ था?

(घ) 'मनोवृत्ति' किस विधा की रचना है?

(ङ) 'बीजक' किसकी रचना है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 50 शब्दों में) $3\times3=9$

(क) संज्ञा की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ख) उपसर्ग और प्रत्यय में निहित अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) "मनुष्य और किसी से नहीं,
अपने आविष्कार से हारेगा" — उद्धृत काव्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) संचार भाषा के रूप में हिंदी का महत्त्व बताइए।

(ङ) 'अनुच्छेद 343' में उल्लिखित प्रावधान को रेखांकित कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 500 शब्दों में) $8\times2=16$

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके भेदों को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

(ख) कबीरदास की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(ग) संपर्क भाषा की परिभाषा लिखिए। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति की विवेचना कीजिए।

(घ) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' व्यंग्य के उद्देश्य की विवेचना कीजिए।

——×——